हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 01 अंक–79 : जौनपुर, शनिवार 19 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

काशी तमिल संगमम का शुभारंभ करेंगे पीएम मोदी : राज्यपाल और मुख्यमंत्री करेंगे अगवानी

वाराणसी ब्यूरो : सनातन संस्कृति के दो पौराणिक केंद्रों के मिलन के अद्भुत आयोजन काशी तमिल संगमम का शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुभारंभ करेंगे। बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री तमिलनाडु के प्रमुख मठ मंदिरों के अधीनम (महंत) को सम्मानित करेंगे। साथ ही, तमिल प्रतिनिधिमंडल में शामिल छात्रों से संवाद भी करेंगे। इस दौरान तमिल भाषा में लिखी गई धार्मिक पुस्तक तिरुक्कुरल व काशी–तमिल संस्कृति पर लिखी गईं किताबों का प्रधानमंत्री के हाथों विमोचन भी होगा। काशी से तमिलनाडु के वर्षों पुराने संबंध को मजबूत करने के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित काशी तमिल संगमम का शुभारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी दोपहर दो बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से बीएचयू हेलीपैड तक जाएंगे। समारोह में प्रधानमंत्री काशी से तमिलनाडु के अटूट रिश्तों पर आयोजित प्रदर्शनी व मेले का भी शुभारंभ करेंगे। इस दौरान तमिलनाडु सहित अन्य प्रदेशों से आए करीब 12 हजार से ज्यादा अतिथियों व काशीवासियों को संबोधित करेंगे। महामना की बगिया में आयोजित भव्य समारोह में पीएम मोदी भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ और रामेश्वरम के एकाकार पर अधीनम से संवाद भी करेंगे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री करेंगे पीएम की अगवानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवानी के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार सुबह वाराणसी पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के स्वागत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी दौरे पर उनके साथ रहेंगे। बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ मंच पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मौजूद रहेंगे। तमिलनाडु के शिल्पियों ने लगाए स्टॉल बीएचयू के एंफीथिएटर में हथकरघा व

हस्तशिल्प के 10–10 स्टॉल लगाए गए हैं। तमिलनाडु से आए शिल्पियों ने थीम पवेलियन में अपने उत्पाद सजाए हैं। इसमें हथकरघा की 17 समितियों के स्टॉल लगे हैं। इसके अलावा अन्य उत्पादों की भी प्रदर्शनी लगाई गई है। लाल बहादुर शास्त्री और सुब्रह्मण्यम भारती के घर भी जाएंगे 216 मेहमान काशी–तमिल संगमम में शामिल होने पहले दल में आ रहे 216 मेहमान शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखेंगे। 20 नवंबर को वह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रकवि सुब्रह्मण्यम भारती के पैतृक घर भी जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक, सभी मेहमान 20 को संकट मोचन मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। यहां से महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती के पैतृक आवास पर जाएंगे। फिर, शंकराचार्य मंदिर, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित लाल बहादुर शास्त्री के पैतृक आवास जाएंगे। इसके बाद सारनाथ घूमकर गंगा आरती में शामिल होंगे। 21 नवंबर को प्रयागराज जाएंगे। कंपनी बाग, हनुमान मंदिर, चंद्रशेखर आजाद पार्क और संगम जाएंगे। यहां से दोपहर बाद अयोध्या रवाना होंगे। रामजन्म भूमि, हनुमान गढ़ी और सरयू घाट जाएंगे। रात्रि निवास के बाद अगले दिन वाराणसी आएंगे और बनारस जंक्शन से ही रामेश्वरम लौट जाएंगे।

रेल यात्रियों को होगी बहुत परेशानी: कोहरे के चलते 10 ट्रेनें तीन महीने निरस्त

लखनऊ ब्यूरो : कोहरे के चलते बाघ सहित दस ट्रेनें एक दिसम्बर से 28 फरवरी तक निरस्त रहेंगी। इससे यात्रियों को तीन महीने तक परेशानी उठानी पड़ेगी। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से लोको पायलट ट्रैक नहीं देख पाते और हादसे बढ़ जाते हैं। ऐसे में रेलवे हर साल लंबी दूरी की कई ट्रेनें निरस्त करता है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस साल 14004 नई दिल्ली–मालदा टाउन न्यू फरक्का एक्सप्रेस, 14003 मालदा टाउन–नई दिल्ली न्यू फरक्का एक्सप्रेस, 12357 कोलकत्ता से अमृतसर के बीच चलने वाली दुर्गियाना एक्सप्रेस, 12358 अमृतसर से कोलकाता जाने वाली दुर्गियाना एक्सप्रेस, 12317 कोलकाता–अमृतसर अकालतख्त एक्सप्रेस, 12318 अमृतसर–कोलकाता अकालतख्त एक्सप्रेस, 12369 हावड़ा–देहरादून कुंभ एक्सप्रेस, 12370 देहरादून–हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस, 13019 हावड़ा–काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस और 13020 काठगोदाम–हावड़ा बाघ एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। हालांकि, इस बाबत उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल को अभी नोटिफिकेशन नहीं मिला है। हवाईजहाज से तेज दौड़ेंगी ट्रेनें, 1200 तक होगी रफ्तार चीन के शंघाई में पहली बार मैग्लेव ट्रेन चलाई गई, जिसकी रफ्तार 430 किमी प्रति घंटे थी। इसके बाद अमेरिका के लॉस एंजेलिस से सैन फ्रैंसिस्को के बीच 560 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हाइपरलूप चलाई गई, जो महज 35 मिनट में सफर पूरा करती है। भारत भी हाइपरलूप पर काम कर रहा है। आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर रेलवे काम कर रही है। हाइपरलूप में 1200 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से सफर हो सकेगा। यह गति हवाईजहाज से भी अधिक है। आरडीएसओ स्टेडियम में अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) व भारतीय उद्योग संघ की ओर से आयोजित इनो रेल प्रदर्शनी के दूसरे दिन आयोजित सेमिनार में हाइपरलूप पर अधिकारियों व विशेषज्ञों ने मंथन किया। रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला के सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर एसके सूरी ने हाईस्पीड ट्रेनों के इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई से अहमदाबाद के बीच जो हाईस्पीड ट्रेन कॉरिडोर

बन रहा है, उसमें 12 स्टेशन रहेंगे। ट्रेन की बॉडी एल्युमिनियम की होगी तथा ट्रेन 320 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेगी। इस प्रोजेक्ट पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। इसके अतिरिक्त हमारे पास गतिमान एक्सप्रेस सरीखी गाड़ियां भी हैं। हाइपरलूप का भविष्य उज्ज्वल नजर आता है। बता दें कि हाइपरलूप के साथ निवेश, ब्रेक, लो प्रेशर, भूकंप जैसी दिक्कतें भी हैं। आरडीएसओ डीजी संजीव भूटानी ने बताया कि आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर हाइपरलूप पर काम किया जा रहा है। इससे कार्बन न्यूट्रिलिटी में मदद मिलेगी। हाईपरलूप तकनीकी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित करने में केंद्र सरकार मदद करेगी। सेमिनार में आरडीएसओ के समीर लोहानी ने वंदे भारत एक्सप्रेस के टेक्निकल व ऑपरेशनल डिटेल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन को और उन्नत बनाने पर काम चल रहा है। हिताची के एप्लीकेशन इंजीनियर हिमांशु शाह ने अगली पीढ़ी के स्मार्ट ट्रांसफॉर्मरों की तकनीकी जानकारी दी। उन्नत तकनीकी का नमूना है चेनाब ब्रिज सेमिनार के दौरान यूएसबीआरएल के चीफ इंजीनियर गोपाल राजू ने चेनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज की जानकारी दी। उन्होंने इसे उन्नत तकनीकी का नमूना बताया। जिंदल स्टील के जनरल मैनेजर नागराजन पी. ने रेलवे पुलों के निर्माण में स्टेनलेस स्टील के प्रयोग के लाभों पर प्रकाश डाला। हाईड्रोजन ईंधन पर दौड़ सकेंगी ट्रेनें डीजल पर दौड़ रही ट्रेनों को बिजली से चलाया जा रहा है। पर, भविष्य में इससे बेहतर हाइड्रोजन को ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इससे हाइब्रिड पावर ट्रेन चलाई जा सकेंगी। आरडीएसओ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रिसर्च अमित श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। बालामुरगन केजीएस ने स्मार्ट रोलिंग स्टॉक्स व सिस्ट्रा इंडिया लिमिटेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संदीप फुलर ने अर्बन मास ट्रांसपोर्टेशन के वर्तमान परिदृश्य पर प्रकाश डाला। आरडीएसओ डीजी संजीव भूटानी ने शुक्रवार को अन्य अधिकारियों के साथ इनो रेल प्रदर्शनी में शामिल हुई कंपनियों के स्टॉलों का भ्रमण किया।

नन्हें –मुन्नों ने वार्षिकोत्सव में दर्शकों का मोहा लिया मन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्टडी हॉल गोमती नगर, स्टडी हॉल कानपूर रोड ब्रांच और दोस्ती स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम दिनाक 18 नवंबर 2022 को संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह, गोमती नगर में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ आरंभ हुआ। जिसमे कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी बहादुर के स्वागत भाषण के साथ हुआ। इस मौके पर हेडमिस्ट्रेस स्टडी हॉल स्कूल, बानी मल्होत्रा ने बच्चों को व शिक्षकों की कड़ी मेहनत को सराहा। उन्होंने कहा ''बच्चों में वर्तमान में जीने और पूरी तरह से जीवन आनंद लेने की क्षमता होती है। आज मंच पर छात्र खुद को अभिव्यक्त कर रहे हैं। उनका टीम वर्क और मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा है।'' साथ ही स्टडी हॉल कानपुर रोड ब्रांच की प्रधानाचार्य सुपर्णा चटर्जी भी मौजूद रही। दोस्ती की हेडमिस्ट्रेस तरन्नुम नाहिद खान ने कहा, "हमारे बच्चों ने एक बार फिर हमे खुश कर दिया है। इन नन्हे बच्चों को इतने उत्साह के साथ परफॉर्म करते देखना हमारे लिए और उनके माता–पिता के लिए खुशी और गर्व की बात है।'' दोस्ती स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन (शेफ) द्वारा संचालित विशिष्ट बच्चों का स्कूल है। स्टडी हॉल स्कूल के भीतर बसा, दोस्ती उत्तर प्रदेश के पहले

और बहुत कम स्कूलों में से एक है, जो 2–21 वर्ष की आयु के बच्चों को मेनस्ट्रीम एजुकेशन में इंटेग्रटे करता है । – बच्चों ने अपनी प्रस्तुति द्वारा दर्शाया की वे दुनिया अपनी नजर से देखते हैं उन्होंने दिखा दिया कि संगीत और नृत्य की कोई भाषा या सीमा नहीं होती है। सुर–ताल व लय की समायोजित प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में, नृत्य, गायन व नौटंकी का समायोजन रहा। दोस्ती स्कूल और स्टडी हॉल स्कूल कानपुर रोड स्कूल ने दो खूबसूरत गानों, एक डांस और एक मैजिक शो से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का अंत ग्रैंड फिनाले डांस और वोट ऑफ थैंक्स के साथ हुआ।

कानून को ठेंगा दिखाने वाले गोरखपुर के जिलाधिकारी पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पांच लाख रुपए का ठोंका हर्जाना

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अदालत की डिक्री के विपरीत कानून हाथ में लेकर सिविल और आपराधिक केस में याची को फंसाकर परेशान करने वाले जिलाधिकारी गोरखपुर पर पांच लाख रुपए हर्जाना लगाया है और जिलाधिकारी द्वारा याची के खिलाफ की गई कार्यवाही को रद कर दिया है। डीएम गोरखपुर ने कानून का नहीं किया सम्मान कोर्ट ने कहा है कि जिलाधिकारी गोरखपुर ने नियम कानून का सम्मान नहीं किया। याची की वैध जमीन हथियाने के लिए कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग किया। कोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह को जिलाधिकारी के आचरण की जांच कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जानिए क्या है पूरा मामला यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति सैयद वैज मियां की खंडपीठ ने गोरखपुर,पार्क रोड स्थित बंगला नं 5 के मालिक कैलाश जायसवाल की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। मालूम हो कि विवादित संपत्ति 24ध्25सितंबर 1999 को जिलाधिकारी ने याची के नाम फ्री होल्ड की और उसके पक्ष में बैनामा कर दिया। बंगला ट्रेड टैक्स विभाग ने किराये पर लिया था। किराया जमा न करने पर याची ने बकाया वसूली वाद दायर किया। 29मार्च 2006 को सिविल वाद मंजूर हो गया और बंगला खाली करने का आदेश हुआ। अदालत के आदेश पर पुलिस बल ने दिलाया कब्जा निष्पादन अदालत में कहा कि एक माह में खाली कर देंगे किंतु खाली नहीं किया। फिर हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई। कोर्ट ने जिलाधिकारी व एसएसपी गोरखपुर को एक माह में पुलिस बल से बंगला खाली कराने का निर्देश दिया। इसके बाद याची को कब्जा मिला। सुप्रीम कोर्ट तक खारिज होती रही आपत्ति ईसके बाद 30 नवंबर 2010 को टैक्स एडवोकेट एसोसिएशन ने आपत्ति दाखिल की जो खारिज हो गई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक खारिज होता रहा। इसके बाद याची ने नक्शा पास कराकर निर्माण शुरू किया। जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने हस्तक्षेप किया तो हाईकोर्ट ने रोक लगा दी और सिटी मजिस्ट्रेट का आदेश रद कर दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने फ्रीहोल्ड डीड निरस्त करने का केस दायर किया। साथ ही गुंडा एक्ट के तहत

आपराधिक केस दर्ज किया। कोर्ट ने चार्जशीट दायर होने तक याची को राहत दी। चार्जशीट दाखिल होने को भी चुनौती दी गई। याची को कोर्ट ने राहत दे दी। पुलिस अधिकारियों ने घर में घुसकर धमकाया इसके बाद 10 अप्रैल 2019 को एक दर्जन पुलिस व आधे दर्जन सिविल ड्रेस में अधिकारी याची के घर में आये। गालियां दी। एनकाउंटर में जान से मारने की धमकी दी। घटना सीसी टीवी फुटेज में रिकार्ड हो गई। जिलाधिकारी ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर अपनी कार्रवाई को सही ठहराया। राज्य सरकार ने जिलाधिकारी को फ्रीहोल्ड रद करने का केस वापस लेने का आदेश दिया किन्तु कोई असर नही हुआ। डीएम ने खुद को कर दिया एक्सपोज कोर्ट ने कहा प्राइम लोकेशन की जमीन, जिसका वैध मालिक याची है, को हथियाने के लिए कोर्ट की डिक्री के बावजूद जिलाधिकारी ने सिविल व आपराधिक दोनों कार्यवाही कर याची को दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से परेशान किया। कानून का दुरुपयोग किया। उसके ऐसे आचरण को उचित नहीं कहा जा सकता। ऐसी कार्यवाही कर जिलाधिकारी ने खुद को एक्सपोज कर दिया। डीएम गोरखपुर पर पांच लाख रुपये हर्जाना जमा करने का आदेश जारी किया। कोर्ट ने जिलाधिकारी को 5लाख हर्जाना विधिक सेवा समिति में जमा करने का निर्देश दिया है और उनके खिलाफ जांच कर विभागीय कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है।

उत्तर प्रदेश की जेलों का सुधार व तबादला नीति पर राज्य सरकार से जवाब तलब

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेल सुधार एवं तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के तबादले को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा है कि सरकार यह भी बताए कि तबादला नीति को सही ढंग से लागू किया गया है या नहीं। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज मिश्र तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने सच्चिदानंद की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में प्रदेश की जेलों में व्याप्त भ्रष्टाचार व उसके सुधारीकरण तथा लंबे समय से जेलों में बंद कैदियों से मधुर संबंध न बन सके इसलिए तबादला होते रहने की मांग की गई है। अधिवक्ता शरदेंदु सौरभ व जयशंकर मिश्र ने याचिका पर बहस की। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जेलों में तबादला नीति है। जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया जाए। जिस पर कोर्ट ने दो हफ्ते में सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कारी बनाने में गुरुओं का विशेष योगदान – प्रेमावती

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ''बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ संस्कारी बनाने में गुरूओं का विशेष योगदान होता हे। मुझे प्रसन्नता है कि इस विद्यालय के सम्मानित शिक्षक बच्चों को देशभक्त नागरिक बनाने की दिशा में विशेष रूचि ले रहे हैं।'' यह विचार रफी

अहमद किदवाई इण्टर कालेज के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने व्यक्त किये। इस मौके पर उन्होने बच्चों से 'भारत माता की जय' के नारे भी लगवायें । मुख्य अतिथि के विद्यालय पहुँचने पर प्रबन्धक सुयश वाजपेयी व प्रधानाचार्य डॉ० अमित कुमार वर्मा ने स्वागत किया तथा स्काउट बैण्ड बच्चों के साथ वे मंच पर पहुँची। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना से हुआ। जिसके बाद बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के पूर्व प्रबन्धक व भवन निर्माण समिति के मुख्य संयोजक अरूणेश वाजपेयी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कालेज की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुये तीन करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बनने वाले विद्यालय के नवीन भवन निर्माण में जन सहयोग की अपील की तथा दान–दाताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० देश दीपक शुक्ला ने किया। इस अवसर पर कालेज प्रबन्ध समिति के अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। खेल–कूद के परिणामः– कबड्डी खेल के पूर्व मुख्य अतिथि श्रीमती प्रेमावती ने प्रबन्धक सुयश वाजपेयी के साथ जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस उछालकर मैच प्रारम्भ करवाया। निर्णायक की भूमिका में रेफरी हंसराज कुशवाहा रहे। काफी उठा पटक के बाद ए टीम ने बी टीम को हराकर जीत हासिल की। ए टीम के कप्तान वैभव तिवारी ने 46 अंक पाकर विजय श्री प्राप्त की जबकि उपविजेता बी टीम के कप्तान अर्जुन को मात्र 33 अंक ही मिले। कबड्डी प्रतियोगिता में संजय कनौजिया, संतोष शर्मा, रावेन्द्र कुमार, सुभाष चन्द्र एवं देवेन्द्र मोहन सिंह ने स्कोरिंग किया।

जिलाधिकारी द्वारा बदलापुर तहसील के सभागार में संपूर्ण समाधान का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बदलापुर तहसील के सभागार में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। उन्हाने समाधान दिवस के अवसर पर शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया । ग्राम पंचायत उदपुर घाटमपुर के श्रीनाथ के द्वारा शिकायत की गई कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिस पर थानाध्यक्ष बदलापुर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए 01 सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिए। फिरतु निषाद द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि प्रधानमंत्री आवास का लाभार्थी है लेकिन अभी तक नल एवं विद्युत कनेक्शन नही मिला है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी को जांच पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। सराय अहमद निवासी बंसराज ने शिकायत किया की आवासीय आवंटन पर लेखपाल के द्वारा सीमांकन नहीं किया गया है जिससे कब्जा लेने में समस्या उत्पन्न हो रही है जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा आज ही टीम मौके पर भेजकर समस्या का निस्तारण के निर्देश दिए। कुल 85 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 12 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का गुणवत्तापुर्ण निस्तारण किया जाये।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सहन करनें से साहस का गुण स्वतः आ जाता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

त्रिकोणीय मुकाबले की ओर गुजरात

यदि कांग्रेस हिमाचल जीत जाती है, तो निश्चित रूप से उसका मनोबल बढ़ेगा, राहुल की यात्रा और उनकी लीडरशिप को महत्व मिलेगा। लेकिन अगर कांग्रेस दोनों राज्यों में हार जाती है, तो यही संदेश जाएगा कि राहुल जो कर रहे हैं, वह अपनी जगह ठीक है।

इन दिनों गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों की राजनीतिक संभावनाओं पर चर्चा जारी है। हिमाचल के मतदान तो संपन्न भी हो गए हैं और वहां मतगणना का इंतजार किया जा रहा है, जो आठ दिसंबर को गुजरात की मतगणना के साथ ही होगा। लेकिन गुजरात में अभी मतदान होना है और वहां विभिन्न राजनीतिक दल धुआंधार प्रचार में लगे हुए हैं। जहां तक हिमाचल प्रदेश की बात है, वहां कांटे की टक्कर है।

जितने लोग वहां सत्ता परिवर्तन की बात कह रहे थे, उतने ही लोग भाजपा की दोबारा वापसी की बात कर रहे थे। भाजपा समर्थक स्थानीय मुद्दों पर बात न करके मोदी के नेतृत्व के नाम पर वोट देने की बात कह रहे थे। वे राज्य सरकार के कामकाज पर बात नहीं करते थे। बदलाव के इच्छुक लोग सेब उत्पादक किसानों की समस्याएं, लागत एवं जीएसटी बढ़ने, बेरोजगारी, महंगाई और पुरानी पेंशन बहाल करने का मुद्दा उठा रहेध्थे।

सरकारी कर्मचारी, महिलाएं और युवा हिमाचल प्रदेश के चुनाव में निर्णायक होंगे। महिलाओं को लुभाने के लिए भाजपा एवं कांग्रेस, दोनों ने बढ़–चढ़कर वादे किए। लेकिन कांग्रेस के पास मजबूत संगठन नहीं है। हालांकि हिमाचल में तो फिर भी संगठन है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में संगठन नहीं है। इस कारण कांग्रेस अपने मतदाताओं को घर से बाहर निकालकर बूथ तक लाने और मतदान कराने के मामले में मात खा जाती है, जबकि भाजपा का संगठन बहुत मजबूत है।

यों तो हिमाचल एक छोटा–सा राज्य है, जहां मात्र 68 सीटें हैं, लेकिन इस बार उसका महत्व बढ़ गया है, क्योंकि वहां जिसकी भी जीत होगी, उसके लिए मनोबल बढ़ाने का काम करेगा। अगर वहां कांग्रेस जीत जाती है, तो न केवल उसे एक और राज्य मिलेगा, बल्कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भी इसका श्रेय मिलेगा। लेकिन अगर सत्ता विरोधी रुझान के बावजूद भाजपा दोबारा सत्ता में वापस आती है, तो यह उसके लिए भी मनोबल बढ़ाने का काम करेगा।

जहां तक गुजरात की बात है, तो वहां चुनाव जीतना भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न है, क्योंकि यह प्रधानमंत्री और गृहमंत्री, दोनों का गृह राज्य है। इस बार दोनों राज्यों में भाजपा की रणनीति चुनाव को तिकोना बनाने की रही। हालांकि हिमाचल प्रदेश में लगता नहीं कि ऐसा हो पाया, पर गुजरात में उसकी रणनीति यही है कि चुनाव को त्रिकोणीय बनाया जाए। और गुजरात का चुनाव त्रिकोणीय होता दिख भी रहा है।

हाल ही में अमित शाह ने एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि गुजरात में मुख्य लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है। वह चाहते हैं कि कांग्रेस थोड़ा दमखम दिखाए, इसकी मुख्य वजह है कि वह इस लड़ाई को तिकोना बनाना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें मुख्य चुनौती आप से दिख रही है। जबकि कांग्रेस स्वयं कह रही है कि उसने गुजरात में बहुत दम नहीं लगाया, इसलिए स्थानीय कांग्रेसी नेता केंद्रीय नेतृत्व से बहुत नाराज हैं।

कुछ लोगों का यह भी मानना है कि गुजरात में आप को आरएसएस का समर्थन मिल रहा है, क्योंकि आरएसएस मोदी और अमित शाह की रणनीति से उदासीन है। इसमें कितना सच है, मुझे नहीं मालूम। लेकिन केजरीवाल जिस तरह से गुजरात चुनाव में अपनी प्रासंगिकता बनाते जा रहे हैं, उससे इसमें कुछ दम नजर आता है। चाहे हनुमान चालीसा हो, या चाहे नोटों पर लक्ष्मी–गणेश की फोटो छापने की उनकी मांग हो, चाहे बुजुर्ग लोगों को मुफ्त में तीर्थयात्रा कराने की बात हो, वह अपनी पार्टी को हिंदू समर्थक और काम करने वाली पार्टी के रूप में दिखाना चाह रहे हैं।

केजरीवाल कांग्रेस के वोटबैंक में सेंध तो लगाना ही चाह रहे हैं, उनकी रणनीति भाजपा से नाराज हिंदुओं के वोटबैंक में भी सेंध लगाने की दिख रही है। इन सबके बावजूद यह निश्चित रूप से लग रहा है कि गुजरात में दोबारा भाजपा ही सत्ता में आएगी, क्योंकि भाजपा ने वहां सारी ताकत झोंक दी है। हालांकि आम आदमी पार्टी बहुत बढ़िया टक्कर देती दिख रही है, लेकिन कितनी सीटें जीत पाएगी, इसका पता नहीं है। हालांकि आप का वोट शेयर जरूर बढ़ेगा।

बेशक 27 साल से सत्ता में रहने के कारण वहां सत्ता विरोधी रुझान स्वाभाविक है। लेकिन अंतिम क्षण में हमेशा नरेंद्र मोदी के मैदान में उतरने से स्थिति नाटकीय रूप से बदल जाती है, क्योंकि तमाम विरोध के बावजूद लोग नेतृत्व के सवाल पर भाजपा के पाले में चले जाते हैं। पिछली बार भी यही हुआ था। पिछली बार गुजरात में तीन युवा नेता–हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर और जिग्नेश मेवाणी भाजपा के खिलाफ मैदान में थे, जिन्होंने कांग्रेस के पक्ष में चुनाव का रुख मोड़ दिया था।

लेकिन इस बार हार्दिक पटेल और अल्पेश ठाकोर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। यह कांग्रेस की सबसे बड़ी विफलता है कि युवा नेता आते हैं, साथ में रहते हैं, लेकिन पार्टी उसका सही उपयोग नहीं कर पाती है। अभी जिग्नेश मेवाणी कांग्रेस में हैं, लेकिन दलित नेता होने के नाते उनका इस्तेमाल सिर्फ गुजरात ही नहीं, देश भर में होना चाहिए था। वह युवा नेता है, जो दलितों को फिर से कांग्रेस की तरफ मोड़ सकते हैं।

इस बीच दिल्ली में भी एमसीडी के चुनाव की घोषणा हो चुकी है, जो आम आदमी पार्टी का ध्यान गुजरात से हटाने की रणनीति लगती है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि अगर भाजपा कोई एक राज्य हार जाती है, तो यह उसके लिए बड़ा झटका होगा और गुजरात में वह पिछले चुनाव के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन नहीं करती है, तो साफ है कि उसके प्रति जनता का समर्थन धीरे–धीरे घट रहा है।

यदि कांग्रेस हिमाचल जीत जाती है, तो निश्चित रूप से उसका मनोबल बढ़ेगा, राहुल की यात्रा और उनकी लीडरशिप को महत्व मिलेगा। लेकिन अगर कांग्रेस दोनों राज्यों में हार जाती है, तो यही संदेश जाएगा कि राहुल जो कर रहे हैं, वह अपनी जगह ठीक है, पर वह पार्टी को जिता नहीं पा रहे हैं। दूसरी तरफ, अगर भाजपा दोनों राज्यों में चुनाव जीत जाती है, तो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर फिर से सफलता की मुहर लग जाएगी।

अगर आप गुजरात में चुनाव नहीं भी जीतती है, लेकिन यदि उसके वोट शेयर और सीटें बढ़ती हैं, तो उससे जनता में यही संदेश जाएगा कि यह भविष्य की पार्टी है, जो धीरे–धीरे आगे बढ़ रही है और एक न एक दिन भाजपा का विकल्प बनेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

अटेवा ब्लॉक इकाई महाराजगंज के अध्यक्ष संदीप यादव व प्रदीप चुने गए महामंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गडेरिहा इंटर कालेज मे अटेवा की बैठक संपन्न, कार्यकारिणी का गठन, जिला उपाध्यक्ष डा राजेश उपाध्याय जी के कुशल संचालन व श्री उमानाथ यादव जी श्री लालमणि यादव जी के देखरेख में कार्यक्रम किया गया स जिला संयोजक चंदन सिंह ने बताया कि सभी शिक्षक/कर्मचारी पुरानी पेंशन प्राप्ति के लक्ष्य की ज्वाला हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बन्धु जी के नेतृत्व में आज पूरे देश में धधक रही है।यह हमारी एकता का ही परिणाम है कि तमाम दबाव एवं हित समूह हमारी बात को वरीयता देते हुए इसे राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बनाए हुए हैं।हो भी क्यों न?पुरानी पेंशन एक व्यक्ति के स्वर्णिम दिनों के दोहन के उपरांत बुढ़ापे में परिवार के सदस्यों को सेवा के लिए विवश करने वाला उपक्रम जो था।साध्य एवं साधन निश्चित है बस हमारी एकजुटता ही लक्ष्य प्राप्ति को सम्भव बना सकती है। जिला महामंत्री संदीप कुमार चौधरी ने कहा हमें सबका सम्मान करते हुए अपने लक्ष्य की दिशा में तन–मन–धन से समर्पित रहना है। सनद रहे यदि खुद से नहीं हारे तो जीत निश्चित है। इंदु प्रकाश यादव ने सभी से संघर्ष जारी रखने की अपील की, टी एन यादव जी निजीकरण को देश के लिए अभिशाप बताया। अटेवा महाराजगंज ब्लॉक इकाई के संरक्षक रामपाल पाल ने कहा कि आज पेंशन की आवाज मात्र अटेवा ही उठा रहा है।आपको पेंशन मात्र अटेवा ही दिला सकता है। अटेवा महाराजगंज ब्लॉक इकाई के संयोजक और नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष श्री संदीप यादव जी ने कहा कि महाराजगंज ब्लॉक अटेवा की राजधानी है।इस लिए यहां के साथियों को बहुत सक्रिय रहने की आवश्यकता है महाराजगंज ब्लॉक के नवनिर्वाचित महामंत्री श्री प्रदीप कुमार यादव जी ने कहा कि 2004 के बाद के सभी कर्मचारी अटेवा के साथ है।और एक दिन अवश्य सफलता मिलेगी महाराजगंज ब्लॉक के नवनिर्वाचित प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी कुंवर सर्वेश प्रताप ने कहा कि अपने हक और सम्मान के लिए युवा कर्मचारियों को आगे आने की आवश्यकता है महाराजगंज ब्लॉक के नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष श्री विवेक कुमार यादव जी ने कहा जल्द ही महाराजगंज ब्लॉक सक्रिय होगी और हमारी ब्लाक अटेवा के हर संघर्षों मे साथ है मीडिया प्रभारी हेमंत कुमार गुप्ता ने कहा कि अटेवा जब से बना है एकमात्र मुद्दा लेकर चल रहा है।जिसके लिए सभी को सभी प्रकार की दूरियां मिटा कर अटेवा के साथ खडे हो। बदलापुर ब्लॉक से विशिष्ट अतिथि के रूप में आए तेज तर्राक युवा साथी गौरव कुमार यादव ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों मे संगठन के संघर्ष की वजह से पेंशन बहाल हुई है।इस लिए जब तक अटेवा है तब तक पेंशन की आशा है।और बताया कि आज की मीटिंग मे महाराजगंज ब्लाक के सभी विभागों से पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाएगा। सदर ब्लाक कार्यकारिणी निम्नवत् है संयोजकः संदीप कुमार यादव महामंत्रीः प्रदीप कुमार यादव संगठन मंत्रीः राकेश उपाध्याय सोशल मीडिया प्रभारीः कुंवर सर्वेश प्रताप, हेमंत कुमार गुप्ता संरक्षक श्री रामपाल पाल प्रवक्ता श्री कुंवर सर्वेश प्रताप वरिष्ठ उपाध्यक्षः संदीप सिंह उपाध्यक्षः दिनेश पाल कोषाध्यक्षः विवेक यादव मंत्रीः अजीत यादव मंत्री संजय मौर्या कार्यकारिणी सदस्य में रोहित यादव, रवींद्रनाथ, पवन यादव ,पंकज यादव, रामकुमार आदि को मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे चंदन सिंह ने कहा कि अटेवा के हर संघर्षों मे सभी शिक्षक कर्मचारी साथ खडा है।और यह जंग हम अवश्य जीतेगे।इसी के साथ बैठक मे उपस्थित सभी कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक कार्यक्रम में नवीन कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, राम शिरोमण पाल, राम बहादुर गौतम, संजय सरोज, अमरीश पाल, मिथिलेश यादव, बिजेंदर यादव, गौरव यादव, सुरेंद्र यादव विजय कन्नौजिया,कृष्णन यादव, दीपक यादव सहित सैकड़ों अध्यापक साथी उपस्थित रहे।

स्काउट गाइड शिविर का समापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली में स्काउट गाइड के प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन राजेश कुमार यादव द्वारा स्काउट ध्वज लगा कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया । स्काउट गाइड द्वारा टेंट बनाना, विषम परिस्थितियों में टेंट बनाकर रहस्य के छोटे बड़े नालों को पार करना , और बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि सिखाया गया । इस इस मौके पर एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर विनोद कुमार मिश्रा एवं स्काउट प्रभारी अनिल कुमार यादव द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता श्री दिनेश कुमार गुप्ता ,श्रीमती रेखा यादव, अनुराग कुमार यादव ,अभिषेक कुमार मिश्रा एवं अध्यापक , कर्मचारी उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज का दर्पण –अशोक रावत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : लखनऊ पब्लिक स्कूल माधोगंज में बड़े धूमधाम सें मनाया गया वार्षिकोत्सव ''प्लाजी '' लखनऊ पब्लिक स्कूल शाखा माधोगंज में बड़े धूमधाम सें वार्षिकोत्सव मनाया गया, वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्यअतिथि सांसद अशोकरावत, विधायक आशीष सिंह आशू, लखनऊ पब्लिक स्कूल की मुख्य प्रशासिका पूर्व एम. एल. सी कान्ति सिँह, निर्देशिका नेहा सिँह, निर्देशक हर्षित सिँह ने सयुंक्त रूप सें माँ सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया,नन्हे मुन्ने बच्चों ने ईश बन्दना प्रस्तुत की, तत्पश्चात खोया हुआ बचपन कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया, इसी कड़ी में विद्यालय के बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई की जीवंत वीरगाथा मणिकणिका कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति की राष्ट्रप्रेम, सामाजिक एकता एवं विश्वबंधुत्व की भावना सें ओत –प्रोत रंगारंग कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया, कार्यक्रम के उपरान्त सांसद अशोकरावत ने कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज का दर्पण होते है विद्यालय वह संस्था होती है जँहा विद्यार्थियों का नैतिक, चारित्रिक व सामाजिक विकास होता है उन्होंने कहा विद्यालय इसी प्रकार सफलता के शिखर की ओर अग्रसर रहते हुए समाज को उचित दिशा प्रदान करता रहे, विधायक आशीष सिँह आशू ने वार्षिकोत्सव के सभी कार्यक्रमो की सराहना की, उन्होंने कहा लखनऊ पब्लिक स्कूल हमारे क्षेत्र के बच्चों को उच्च तकनीकी शिक्षा प्रणाली द्वारा शिक्षित करके क्षेत्र को नयी ऊँचाईयो पर पंहुचा रहा है, यहाँ के पढ़े बच्चे देश विदेश में भी विद्यालय का नाम रोशन कर रहे

है, लखनऊ पब्लिक स्कूल की मुख्यप्रशासिका कान्ति सिँह ने उपस्थित अभिवावको को आश्वास्त करते हुए कहा आपका बच्चा राष्ट्र का भविष्य है हम इसके सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है, शिक्षकों –छात्रों के अथक परिश्रम सें लखनऊ पब्लिक स्कूल नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य के. के. शर्मा, शिक्षक –शिक्षिकाओं कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव का सफल कार्यक्रम विद्यालय की दीर्घकालिक सफलता का प्रतीक है, विद्यालय के प्रधानाचार्य के. के. शर्मा ने मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ शिशु तरु, अंगवस्त्र देकर स्वागत किया, कार्यक्रम में आये भूतपूर्व छात्रों में अविनाश रावत नायव तहसीलदार लखनऊ, अमितकुमार डिप्टीजेलर वाराणसी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बिलग्राम राहुलकश्यप विश्वकर्मा, क्षेत्राधिकारी एस. के. सिँह, नवलमाहेश्वरी, नगरपंचयात अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण इत्यादि गणमान्य ब्यक्ति उपस्थित रहे, उपस्थिति सभी विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों ने ऐसे सफल कार्यक्रमों के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य के. के. शर्मा की सराहना की एवं लखनऊ पब्लिक स्कूल परिवार के सभी सदस्ययो को आशीर्वाद दिया।

डेंगू की रोकथाम नियंत्रण और प्रबंधन को लेकर समस्त निजी चिकित्सालय सक्रिय–सीएमओ

जौनपुर सू.वि. : डेंगू की रोकथाम नियत्रण और प्रबंधन को लेकर समस्त निजी चिकित्सालयों से सीएमओ, जौनपुर ने कहा है कि वह डेंगू संभावित लक्षणों के एन एस–1 पॉजिटिव मरीजों की एलाइजा पुष्टि के लिए रक्त का नमूना जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय की प्रयोगशाला में भेजें, साथ ही एन एस–1 पॉजिटिव मरीज की फोन नंबर सहित समस्त जानकारी को आईएचआईपी पोर्टल पर अंकित करते हुए कार्यालय को भी अवगत कराएं, ताकि मरीज को ट्रैक कर फॉलोअप किया जा सके और उसे आवश्यक जांच व उपचार प्रदान किया जा सके। यदि किसी भी निजी पैथोलॉजी लैब की ओर से निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो तत्काल उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। आईएचआईपी पोर्टल पर सूचनाएं अपलोड करने में आ रही समस्या के समाधान के लिए सभी चिकित्सालयों के प्रभारी जनपदीय एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ० जिया उल हक के मोबाइल नंबर 8210448606 पर संपर्क कर सकते हैं। रक्त का नमूना भेजने से संबंधित जानकारी के लिए श्री वी.बी. सिंह, वरिष्ठ प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ, के मोबाइल नंबर 9793798870 पर संपर्क कर सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी डॉ. कल्पना बाजपेई को बनाया बंधक : नगर पंचायत अध्यक्ष का बेटा और भाई गिरफ्तार

आगरा ब्यूरो : आगरा के फतेहाबाद के नगर पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी (ईओ) डॉ. कल्पना बाजपेई और नगर पंचायत अध्यक्ष आशा देवी चक के बीच बिल भुगतान पर विवाद हो गया। अधिशासी अधिकारी का आरोप है कि कार्यालय में उनको बंधक बना लिया गया। मोबाइल छीनने की कोशिश की। फोन करने पर पहुंची पुलिस ने उनको छुड़वाया। मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष, उनके बेटे, भाई और चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष के बेटे और भाई को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ने आरोप निराधार बताए हैं। ईओ ने लगाया यह आरोप ईओ कल्पना बाजपेई ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह अपने कार्यालय में बैठी थीं। नगर पंचायत अध्यक्ष आशा देवी चक, भाई मनीष और बेटे तरुण के साथ आईं। बिना काम पूरा हुए भुगतान का दबाव बनाने लगीं। मना करने पर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने अपने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। मोबाइल छीनने की कोशिश की। उन्हें बंधक बना लिया। उन्होंने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को फोन पर जानकारी दी। पुलिस अधिकारी और

तहसीलदार मनोज कुमार मौके पर पहुंचे। अधिशासी अधिकारी को थाने ले आए। थाना फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि ईओ की तहरीर पर अभद्रता, सरकारी कार्य में बाधा डालने, मोबाइल छीनने की कोशिश, सात सीएलए में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी तरुण और मनीष को गिरफ्तार कर लिया है। चार घंटे होता रहा हंगामा नगर पंचायत अध्यक्ष आशा देवी चक और अधिशासी अधिकारी कल्पना बाजपेई के बीच शुक्रवार दोपहर में हुए विवाद के बाद थाने में भी करीब चार घंटे तक हंगामा चलता रहा। शाम 5 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष पहुंच गए। कार्यकर्ता जुट गए। दोनों पक्षों की ओर से आरोप–प्रत्यारोप लगाए जाते रहे। रात आठ बजे जिलाध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष के जाने के बाद हंगामा शांत हुआ।

सरकारी मेडिकल कॉलेजों में मिलेगा निजी नर्सिंग कॉलेज के छात्रों को प्रशिक्षण : गाइडलाइन तैयार

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में निजी कॉलेजों से नर्सिंग में बीएससी, एमएससी व पोस्ट बेसिक बीएससी करने वाले विद्यार्थियों को अब राजकीय मेडिकल कॉलेजों में क्लीनिकल प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नई गाइडलाइन तैयार की है। इससे निजी नर्सिंग कॉलेजों के करीब 12 हजार विद्यार्थियों को लाभ होगा। प्रदेश में बीएससी नर्सिंग की 13,030, एमएससी नर्सिंग की 1,094 और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की 2,460 सीटें हैं। इनमें से करीब 12 हजार सीटें निजी क्षेत्र के नर्सिंग कॉलेजों की हैं। इन कॉलेजों में पढ़ाई के बाद क्लीनिकल प्रशिक्षण नहीं मिलने का आरोप अक्सर लगता है। इसकी वजह अस्पतालों में सीमित संसाधन व मरीजों की संख्या कम होना बताया जाता है। वहीं, निजी नर्सिंग कॉलेज संचालक भी सरकारी अस्पतालों में क्लीनिकल प्रशिक्षण देने की मांग करते रहे हैं। ऐसे में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने क्लीनिकल प्रशिक्षण को लेकर नई गाइडलाइन तैयार की है। विभाग की विशेष सचिव दुर्गा शक्ति नागपाल ने इसे जारी करते हुए उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव प्रो. आलोक कुमार को क्लीनिकल प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक राजकीय मेडिकल कॉलेज को एक साल में करीब 300 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना होगा। प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों को देनी होगी परीक्षा निजी नर्सिंग कॉलेजों के विद्यार्थियों को सरकारी कॉलेजों में क्लीनिकल प्रशिक्षण के लिए परीक्षा देनी। एक घंटे की परीक्षा में 100 अंक के 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। तीन दिन में परिणाम घोषित होगा। इसमें 33 फीसदी से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों की मेरिट बनेगी। फिर उन्हें सरकारी कॉलेज में क्लीनिकल प्रशिक्षण के लिए दाखिला मिलेगा। इसके लिए सुपरवाइजर नियुक्त होगा। बीएससी नर्सिंग के

विद्यार्थियों को तीन वर्ष की पढ़ाई के बाद दो माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों को पहले साल की पढ़ाई के बाद दो माह और एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों को अंतिम वर्ष में दो माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का बैच तैयार करते समय मेडिकल कॉलेज में बेड और स्टाफ नर्स की उपलब्धता का ध्यान रखा जाएगा। एक स्टाफ नर्स के साथ छह विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने पर मेडिकल कॉलेज प्रमाण पत्र देंगे। मेडिकल कॉलेजों को भी होगा फायदा निजी नर्सिंग कॉलेज क्लीनिकल प्रशिक्षण के लिए एक शैक्षिक सत्र में राजकीय मेडिकल कॉलेज को पांच हजार रुपये शुल्क देंगे। वहीं, मेडिकल कॉलेजों को नर्सिंग क्षेत्र में दो–दो माह के लिए अलग–अलग बैच में मैन पावर मिलता रहेगा। राजकीय और निजी कॉलेज के बीच एक समन्वय समिति बनेगी। क्लीनिकल प्रशिक्षण पूरा होने के बाद नर्सिंग स्टॉफ, फैकल्टी और विद्यार्थियों से फीडबैक लिया जाएगा। इसके आधार पर व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा। निजी कॉलेजों से नर्सिंग करने वाले विद्यार्थी नई व्यवस्था से राजकीय मेडिकल कॉलेजों के तौर तरीके सीख सकेंगे। वे किताबी ज्ञान के साथ अस्पताल में स्टाफ नर्स के नेतृत्व में चिकित्सीय प्रक्रिया को समझ सकेंगे। –प्रो. आलोक कुमार श्रीवास्तव, सचिव, उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी नई व्यवस्था से सरकारी और निजी नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों की कार्य कुशलता में समानता आएगी। –डॉ. धनंजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष प्राइवेट नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज एसोसिएशन

द इकोनॉमिक टाइम्स विजन कॉन्क्लेव यूपी का रोडमैप

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 2027 तक $1-ट्रिलियन इकोनॉमी का आयोजन 18 नवंबर 2022, शुक्रवार को ताजमहल, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया था, जो ETGovernment.com की एक पहल है। कॉन्क्लेव में श्री मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री मनीष अग्रवाल के निमंत्रण पर, श्री अरविंद शर्मा, श्री राकेश पुरी, श्री हरीश चंद्र गुप्ता, श्री दीपक शर्मा और श्री विनय कुमार जौहरी, कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया, लखनऊ चौप्टर ने भाग लिया। एसोचौम के अध्यक्ष और इकोनॉमिक टाइम्स के श्री निशित सक्सेना और गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति से महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, सचिव कर्नल ए.एन.पाण्डेय , डॉ. पशुपति पांडेय, श्री अशोक कुमार गुप्ता और श्री विनय कुमार जौहरी, डॉ. मंजुला उपाध्याय प्राचार्य भी शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश पर उद्घाटन सत्र – यूएसडी 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लिए रोडमैप की शुरुआत दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, औद्योगिक विकास मंत्री, जीओयूपी, श्री आलोक कुमार, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, की उपस्थिति के साथ हुई। एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया (सेवानिवृत्त), अवनीश कुमार अवस्थी, सीएम यूपी सरकार के सलाहकार और अन्य सम्मानित अतिथि और दर्शक। दिन भर चलने वाले कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न सत्र

आयोजित किए गए और उत्तर प्रदेश सरकार के सम्मानित वक्ताओं, प्रायोजकों, पैनल चर्चाओं, गोलमेज चर्चाओं का आयोजन किया गया और दर्शकों को विचारों और अनुभव से समृद्ध किया गया, सरकार द्वारा 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को प्राप्त करने के लिए किए जा रहे कार्य आदि। कॉन्क्लेव के दौरान सभी सम्मानित वक्ताओं द्वारा साझा किए गए। इकोनॉमिक टाइम्स के विभिन्न प्रतिनिधियों ने कॉन्क्लेव का सफलतापूर्वक संचालन किया और कॉन्क्लेव का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में दर्शकों को जागरूक करने के लिए इस कॉन्क्लेव के आयोजन के लिए इकोनॉमिक टाइम्स को बधाई और शुभकामनाएं।

थाना जफराबाद पुलिस ने मारपीट गैर इरादतन हत्या के मुकदमें के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जफराबाद श्री राजा राम द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 श्री अजय कुमार शर्मा मय हमराह का0 संजय शर्मा व का0 अजीत कुमार कन्नौजिया द्वारा मु0अ0सं0 147/2022 धारा 323/504/308/325 भादवि के वांछित अभियुक्त सुनील कुमार यादव पुत्र लालपत यादव नि0 रायपुर थाना जफरबाद जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– सुनील कुमार यादव पुत्र लालपत यादव नि0 रायपुर थाना जफरबाद जनपद जौनपुर उम्र 36 वर्ष। गिरफ्तार करने वाली

पुलिस टीम– 1.उ0नि0 श्री राजाराम द्विवेदी,थानाध्यक्ष जफराबाद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री अजय कुमार शर्मा थाना जफराबाद जौनपुर। 3.का0 संजय शर्मा , का0 अजीत कुमार कन्नौजिया थाना जफराबाद जौनपुर।

सांप्रदायिक सद्भाव से ही देश की उन्नति संभव –कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रकोष्ठ एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान से सात दिवसीय राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह मनाया जा रहा है। यह सप्ताह 19 से 25 नवंबर तक मनाया जायेगा। उद्घाटन समारोह में सभी धर्मों के सम्मानित वक्ता शामिल थे। राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव से ही देश की उन्नति एवं प्रगति संभव है , जिस राष्ट्र में सांप्रदायिक सद्भाव स्थिर है,वहाँ आर्थिक, राजनैतिक एवं सामाजिक विकास अग्रसर है। भारत को सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश में हजारों वर्षों से विभिन्न प्रकार के धर्म, जाति , भाषा, संस्कृति पनप रही है। प्रो. मौर्य ने आशा जताई कि विश्वविद्यालय के छात्र जहाँ भी जायेंगे अपने कार्यों द्वारा सांप्रदायिक सद्भाव की खुशबू समाज में फैलाएंगे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर मुराद अली ने अतिथियों को स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। कहा कि गृह मंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रकोष्ठ का उद्देश्य ऐसे बच्चों का जीवन संवारना है

जो सांप्रदायिक, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद आदि हिंसा एवं दंगा से अनाथ हो जाते है। प्रकोष्ठ पूरे देश में राज्यों, सरकारी विभागों, उपक्रमों आदि से साझेदारी करके निधि एकत्र करता है और ऐसे बच्चों का शिक्षण, पालन पोषण आदि में सहायता करता है। सांप्रदायिक सद्भाव चर्चा पर डॉ पंडित रजनीकांत द्विवेदी, मौलाना हाफिज महसूस,एवं सरदार त्रिलोचन सिंह ने विचार व्यक्त किए। संचालन प्रो मुराद अली एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो अजय द्विवेदी ने किया स इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार,प्रो अविनाश पाथर्डीकर , प्रो वी. डी. शर्मा, प्रो देवराज सिंह, प्रो रजनीश भास्कर, डॉ. राजकुमार सोनी, डॉ गिरिधर मिश्रा, डॉ मनोज पाण्डेय, डॉ. दिग्विजय राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ पुनीत धवन,डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्या,डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ सुशील कुमार सिंह, डॉ प्रमेन्द्र विक्रम सिंह,सुशील कुमार,प्रांकूर शुक्ला, मोहम्मद सहाबुद्दीन,इन्द्रेश कुमार,राजेश कुमार,अनुपम,आदि उपस्थित रहे।

महामना एक्सप्रेस से टकराई बाइक धूं–धूं कर जली : 50 मिनट रुकी रही ट्रेन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिल्ली से वाराणसी जा रही महामना एक्सप्रेस से बाइक टकरा जाने से बाइक धूं–धूं कर जल गई। इस दौरान घटनास्थल पर ट्रेन करीब 50 मिनट रुकी रही। सूचना पर पहुँचे सी आर पी एफ व जीआरपी सिपाहियों, ट्रेन चालक व ग्रामीणों के प्रयास से ट्रेन में फंसे बाइक को निकाला गया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। घटना बक्शा थाना व स्टेशन से करीब दो किलोमीटर पश्चिम बेलापार गांव के समीप शनिवार सुबह करीब पौने आठ बजे हुई। घटना के दौरान गेट नम्बर 17 सी पर एक युवक बाइक संख्या यूपी 72 ए ए 5897 से जबरन रेलवे लाइन पार करने का प्रयास कर रहा था। बाइक रेलवे लाइन के बीचोबीच जाकर बुरी तरह फंस गई। उसी दौरान दिल्ली से वाराणसी जा रही महामना एक्सप्रेस डाउन 22418 आ रही थी। ट्रेन को देख युवक बाइक छोड़कर फरार हो गया। ट्रेन में फंसी बाइक एक किलोमीटर से अधिक घसीटते हुए लखनीपुर के पास रुकी। पेट्रोल के कारण बाइक जलकर राख हो गई। ट्रेन चालक ने ट्रेन रोकते हुए घटना की जानकारी स्टेशन पर दी। थोड़ी ही देर में सी आर पी एफ व जीआरपी पुलिस टीम पहुँच गई। ट्रेन चालक, पुलिस टीम व ग्रामीणों के अथक प्रयास से ट्रेन में फसें बाइक को निकाला गया। बक्शा स्टेशन अधीक्षकरितेश मौर्य ने बताया कि घटना की एफआईआर व जानकारी सिटी स्टेशन पर दे दी गई है अब सी आर पी एफ आगे की कार्यवाही करेगी ट्रेन करीब 50मिनट बाद गंतब्य को रवाना हुई ।

केराकत कोतवाली क्षेत्र के सोहनी गांव में खूंटे से बंधी चार भैंस खोल पिकप में लाद ले गए चोर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के सोहनी गांव में शुक्रवार की देर रात घर के पीछे बने सेड में खूंटे में बंधी चार कीमती भैंसों को खोलकर चोर पिकप में लाद ले गए।चोरी की वारदात एक सीसीटीवी फुटेज में सामने आई है। चोर भैंसों को टाटा 407 में लादकर ले जाते दिख रहे हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर उनका सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में पशुपालक बीरबल यादव ने बताया है कि उन्होंने अपनी ढाई लाख से ज्यादा कीमत की चार भैंसों को प्रतिदिन की भांति मकान के पीछे बने सेड में बांधा हुआ था। शुक्रवार की देर रात करीब दो बजे पहुंचे चोरों ने सेड का दरवाजा खोलकर अंदर बंधी हुई चार भैंसों को खूंटे से खोल टाटा–407 में लादकर वहां से फरार हो गए। सुबह होने पर जब भैस को बाहर लाने गए तो देखा सभी भैस खूंटे पर नही थी। आस पास ढूंढने के बाद भैंसे नहीं मिली तो उन्होंने सड़क पर एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। फुटेज में लगभग 2 बजकर 17 मिनट पर एक टाटा–407 में आए और तीन बजे वापस हो गए। पीड़ित की सूचना पर सुबह डायल 112 और थानागद्दी चौकी प्रभारी सिपाहियों के साथ मौके पर पहुच गए और जांच पड़ताल की।

रामपुर चौथार गांव के समीप ट्रेन से कटकर महिला की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के जंघई जौनपुर रेल मार्ग पर स्थित रामपुर चौथार गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ महिला की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। क्षेत्र के भटहर गांव निवासी प्रभावती देवी (55) पत्नी स्व राजेन्द्र प्रसाद शुक्रवार की शाम शौच के लिए घर से निकली थीं। देर शाम तक घर नही पहुची तो परिजन खोजबीन करने लगे। लेकिन उनका पता नही चला। इस बीच रेलवे लाइन पर रात में उनका शव मिला। वह रेलवे लाइन तक कैसे पहुची यह किसी को पता नही चल पाया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि जन चर्चा रही कि महिला ने गृहक्लेश से ऊबकर आत्मघाती कदम उठाया हैं। वही परिजनो का कहना है की महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है । इस संबंध में थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ट्रेन से कटकर महिला की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

थाना चन्दवक पुलिस ने एक मनचले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 संजय कुमार के कुशल निर्देशन

एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक चन्दवक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा अभियुक्त राजकुमार पुत्र संतलाल राम नि0 ग्राम बरमलपुर थाना चन्दवक जौनपुर को गोमती नदी पुल के पास वहद ग्राम चन्दवक पर लड़कियों को देखकर अश्लील गाने गाते हुआ समय 13.10 बजे गिरफ्तार किया गया जिसके विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 204/22 धारा 294 भा0द0वि0 थाना चन्दवक जिला जौनपुर पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तद् 1.राजकुमार पुत्र संतलाल राम नि0 ग्राम बरमलपुर थाना चन्दवक जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1.प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2.व0उ0नि मुरलीधर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3.का0 राहुल यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4.का0 शनि वर्मा थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

01 वारण्टी अभियुक्त को थाना सिकरारा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा जनपद में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिकरारा पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त रुपेश उर्फ अवनीश पुत्र नरसिंह बहादुर सिंह नि0 रामनगर थाना सिकाराारा जनपद

जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 866/2010 धारा 323/504/506/325 भादवि व 3(10) SC/ST एक्ट को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण – 1. रुपेश उर्फ अवनीश पुत्र नरसिंह बहादुर सिंह नि0 रामनगर थाना सिकाराारा जनपद जौनपुर उम्र करीब 27 वर्ष गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य दृ 1.थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 मो0 सैफ थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 3. कान्स0 शशि चौहान थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।

कुलपति ने किया नन्हें मुन्नों के पार्क और सामुदायिक भवन का शिलान्यास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में कुलपति ने नन्हें मुन्नों के सर्वांगीण

विकास के लिए पार्क और विभिन्न तरह के उत्सव आदि के लिए सामुदायिक भवन की आधारशिला शनिवार को रखकर श्री गणेश किया। विधि विधान से पूजन कार्यक्रम करके कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने कहा कि परिसर के छोटे छोटे बच्चों और उनकी गतिविधियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस पार्क बनाया जाएगा, क्योंकि आज बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखना एक बहुत बड़ी चुनौती है इसलिए ऐसे पार्क को विकसित किया जाना नितांत आवश्यक था। परिसर में उत्सव आदि के लिए सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में कुलसचिव महेंद्र कुमार , वित्त अधिकारी संजय कुमार राय , डॉ. पीके कौशिक, डॉ लक्ष्मी मौर्य, शीलनिधी सिंह, रामपुकार, दिवाकर तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

वर्षों से नहर में पानी न आने से किसानों में विभाग के प्रति आक्रोश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के शारदा सहायक खण्ड 36 भीमपुर राजवाहा में वर्षों से पानी नहीं है! इस बात से नाराज किसानों में विभागीय लापरवाही पर भारी आक्रोश है! ग्राम बिठुआकला के विनोद कुमार त्रिगुनायत, ग्राम भलुआही निवासी जगदीश बिन्द, राजदेव सिंह, हकारपुर निवासी पवन उपाध्याय, ग्रामप्रधान सरोखनपुर निवासी मुन्नू मौर्या आदि ने बताया कि वर्षों से नहर की केवल सफाई होती है! पानी तो बिल्कुल नहीं आता! नहर प्रायः सूखी रहती है! इस समय गेहूं के खेत की सिंचाई को लेकर किसान हलकान हैं!

वर्ल्ड टॉयलेट डे पर स्वच्छता के प्रति लिया गया शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पालिका परिषद जौनपुर की ओर से आयोजित कार्यक्रम वर्ल्ड टॉयलेट डे अध्यक्ष नगर पालिका माया टंडन अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में नगर के विभिन्न स्थानों पर वर्ल्ड टॉयलेट डे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें ब्रांड मिस्टर स्वराम शर्मा द्वारा स्वच्छता का शपथ दिलाया गया नगर पालिका इंटर कॉलेज के बगल में सामुदायिक शौचालय पर समापन कार्यक्रम हुआ जिसमें नगर पालिका इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा अलग–अलग जागरूकता के प्रति स्लोगन भी गाया गया। व डीपीएम अमित यादव द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से लोगों को फीडबैक के बारे में बताया गया और फीडबैक दर्ज भी कराया गया कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख द्वारा किया गया इस अवसर पर डीपीएम अमित यादव प्रिंसिपल नगर पालिका इंटर कॉलेज डॉ रमेश सिंह एसआई अवध

ेश चंद्र यादव अखिलेंद्र यादव अजय तिवारी डॉ केदार सिंह गुलाब सिंह चल शेखर यादव तिलकधारी सरोज रमेश कुमार रामकृपाल तीरथ राम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

मशक्कत से मिली साधन सहकारी समिति गद्दोपुर पर चौदह सौ रूपये मे एनपीएस खाद : मूल्य अधिक पर किसानो ने जताई नाराजगी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के साधन सहकारी समिति गद्दोपुर पर कठिन मसक्कत बाद करीब पांच छ दर्जन किसानो को 1400 रूपये प्रति बोरी एनपीएस खाद मिली !पचास रूपये मूल्य अधिक लिये जाने से किसानो मे रोष ब्याप्त रहा ! महराजगंज ब्लाक अन्तर्गत साधन सहकारी समिति पर हल्का लेखपाल राजबहादुर यादव व पुलिस की मौजूदगी मे शनिवर सुबह 9 बजे सचिव अश्वनी कुमार पाण्डेय द्वारा एनपीएस खाद का वितरण शुरू किया गया 14 सौ रूपये प्रतिबोरी के हिसाब से लाईन लगकर किसानो ने सचिव को पहले नगद पैसा जमा किया रजिस्टर पर आधारकार्ड के साथ हस्ताक्षर करवाया गया !प्रति किसान को एक बोरी के हिसाब से खाद वितरित की गयी ! रेट से अधिक धनराशि लिये जाने पर किसानो ने नाराजगी जताते हुए बताया कि सचिव अधिक पैसे के साथ चहेतो को खाद अधिक दे रहे है किसान अभिषेक यादव रामचन्दर यादव नरेन्द्र कुमार शिवकुमार अशोक रामलाल उमाशंकर हौसिला जमीदार आदि का आरोप है कि खाद का रेट सरकार द्वारा 1350 रू निर्धारित है बावजूद सचिव अश्वनी कुमार मनमानी तरीके से पचास रूपये अधिक ले रहे है ! इस सम्बन्ध मे एडीओ कापरेटिव महराजगंज संजय कुमार सिह का कहना है कि प्रतिबोरी खाद का मूल्य 1350 रूपये है इससे अधिक लिये जाने की शिकायत पर कार्यवाही होगी

युवक पर कैची से किया हमला : हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के नटौली गांव में मामुली विवाद को शुक्रवार की देर रात दूकान में घुसकर सिलाई का काम कर रहे युवक पर दूकान मे रखी कैची से हमला कर दिया। भुक्तभोगी घटना की सूचना पुलिस को देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नटौली गांव निवासी लालचंद पुत्र रामदवर शुक्रवार की शाम अपने दुकान में सिलाई का काम कर रहा था। गांव का ही एक मधबढ युवक दुकान में घुसकर पहले गाली गलौज करते हुए। दुकान मे रखी कैंची से जोरदार हमला कर फरार हो गया। भुक्तभोगी ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया ।इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय ने बताया कि मामुली विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। घायल का उपचार कराया जा रहा है। आरोपित युवक को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

दो दिन से गायब वृद्ध की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के जौनपुर रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने शनिवार की सुबह एक वृद्ध का सड़क के किनारे रहस्यमय परिस्थितियों में शव पाया गया। उसके शरीर पर कहीं कोई चोट व खरोच का निशान नहीं था! स्थानीय लोगों की माने तो वह शुक्रवार की शाम से सीएचसी के आसपास टहल घूम रहा था। सुबह शूलीबीर मंदिर के बगल अचानक वह बेहोशी हालत में देखा गया। नजदीक जाकर लोगों ने देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। उसके पास मिले मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर पता चला कि मृतक सिकरारा थाना क्षेत्र के खानापट्टी गांव निवासी 65 वर्षीय त्र्यंबक नाथ उपाध्याय है। सूचना पर पहुंचे उसके पुत्र सुनील उपाध्याय ने बताया कि 17 नवंबर की दोपहर से वह बिना कुछ बताये घर से गायब थे। उनकी तलाश की जा रही थी कि इसी बीच पुलिस द्वारा सूचना मिली की बदलापुर क्षेत्र में सीएचसी के पास उनका शव पाया गया है। पुलिस ने पंचायत नामा के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि शव को पंचायत नामा के बाद पुत्र को सौंप दिया गया!

स्कार्पियो ने टेम्पो में मारी टक्कर : महिला घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मिल्लत नगर निवासी महिला टेम्पो से बाजार कर घर जाते समय शुक्रवार की रात स्कार्पियो की टेम्पो मे टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गयी मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एराकियाना के मिल्लत नगर निवासी जमीला पत्नी अफरोज शुक्रवार की रात नगर से दवा लेकर अपने घर टेम्पो से जा रही थी। जैसे ही एराकियाना समीप पेट्रोल पंप के पास टेम्पो पहुचा सामने से आ रही स्कार्पियो युपी 32 एल आर 6070 की टक्कर लगने से टेम्पो पलटने से सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। मौके पर मौजूद राहगीरों ने दौडाकर कोतवाली चौराहे पर स्कार्पियो को पकडकर ड्राइवर की पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। घायल महिला को उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय ने बताया की स्कार्पियो की टेम्पो मे टक्कर लगने से सवार एक महिला घायल हो गयी है। स्कार्पियो व ड्राइवर को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

प्लाजो पहनकर छात्रा से बात करते गुरुजी का वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय एक पीजी कालेज के भूगोल विभाग के प्रवक्ता प्लाजो पहनकर एक छात्रा से वीडियो कॉलिंग पर बात करने का वीडियो सोशल मीडिया पर शनिवार को खूब वायरल हो रहा है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। हालांकि इसके बारे में जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि साजिश के तहत फोटो एडिट कर एक छात्र ने वायरल किया है। परिणामस्वरूप साइबर क्राइम में आनलाइन केस भी दर्ज कराया हूं। प्रवक्ता का शुक्रवार की रात में ही वीडियो कालिग के जरिए एक छात्रा से प्लाजो पहनकर बात करने की फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई। जो सुबह होते सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्मों पर भी दौड़ने लगा। जिसे देख लोग जहां हतप्रभ रह गए। सोशल मीडिया पर ही लोगों ने ऐसे गुरु जी के ऊपर जमकर भड़ास निकालते हुए कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग किया। हालाकि जब इसकी सच्चाई प्रवक्ता से जानी गई तो कहा कि अभी हाल में ही श्रेणी सुधार की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए एक छात्र को पकड़ा था। वही साजिश कर बदनाम करने की नीयति वायरल किया है। साइबर क्राइम में आनलाइन मुकदमा भी दर्ज कराया हूं।

दहेज हेतु विवाहिता को प्रताड़ित करने के दो आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पंवारा थाना क्षेत्र के मदवादोदक गाँव मे विवाहिता की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।विवाहिता के पिता राजेंद्र प्रसाद की तहरीर पर पंवारा पुलिस ने सास, ससुर, पति समेत छ लोगो पर दहेज के लिये प्रताड़ित करने संबंधी धाराओं मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे। शनिवार भोर में थानाध्यक्ष पंवारा राज नारायण चौरसिया को जरिए मुखविर सूचना मिली कि विवाहिता की मौत के मामले में आरोपी ससुर अमृतलाल प्रजापति व पति राहुल पंवारा नहर की पुलिया पर खड़े है।कही जाने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहे है। जिसके बाद वह मयफोर्स मौके पर पहुंच घेरेबंदी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर थाने लेकर आये। जहाँ कागजी कार्यवाही पूरी कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

दो घंटे में बदली गई विधायक अब्बास अंसारी की जेल : भेजा गया नैनी से चित्रकूट

प्रयागराज ब्यूरो : 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में नैनी जेल भेजे गए माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की जेल दो घंटे में बदल दी गई। उसे शाम चार बजे के करीब नैनी जेल में दाखिल कराया गया और लगभग छह बजे चित्रकूट के लिए रवाना कर दिया गया। कार्रवाई इतनी गोपनीय रखी गई कि जेल के कर्मचारियों को भी अंतिम वक्त में ही सूचना दी गई। 13 दिन की कस्टडी रिमांड के बाद शुक्रवार दोपहर अब्बास अंसारी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की टीम कोर्ट पहुंची। वहां कोर्ट ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। ईडी की टीम व सिविल लाइंस पुलिस उसे लेकर शाम चार बजे के करीब नैनी जेल पहुंची। यहां मेडिकल मुआयने के बाद उसे दाखिल कर दिया गया। करीब एक घंटे बाद ही जेल अफसरों के पास अब्बास की जेल बदलने का आदेश आ गया। इसके बाद आननफानन में तैयारी शुरू हुई। पुलिस लाइन से सशस्त्र जवानों की टीम भी प्रिजन वैन लेकर पहुंच गई। शाम करीब छह बजे अब्बास को लेकर पुलिस टीम चित्रकूट के लिए रवाना हो गई। प्रभारी जेल अधीक्षक आरके सिंह का कहना है कि शासन

के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। अब्बास अंसारी को पुलिस सुरक्षा में चित्रकूट जेल के लिए रवाना कर दिया गया है। गुमसुम रहा अब्बास, नहीं की किसी से बात सूत्रों का कहना है कि नैनी जेल में लाए जाने के दौरान अब्बास अंसारी गुमसुम रहा। उसने किसी से कोई बात नहीं की। कुछ खाने से भी मना कर दिया। यहां तक कि पानी भी नहीं पीया। चित्रकूट जेल के लिए रवाना किए जाने के दौरान भी वह चुपचाप रहा। शासन के आदेश की जानकारी देने पर चुपचाप प्रिजन वैन में बैठ गया।

सम्मान पाकर खिले प्रधानों के चेहरे : मंत्री ने की यूपी पुलिस की तारीफ

लखनऊ ब्यूरो : सीमित संसाधनों में ग्राम पंचायत का विकास करने वाले श्रेष्ठ प्रधानों का शुक्रवार को सम्मान हुआ। एशियन पेंट्स श्रेष्ठ प्रधान के तहत चयनित 30 प्रधानों को प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सम्मानित किया। अमर उजाला इस कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर रहा। मंत्री ने नवाचार संग गांव का विकास करने वाले प्रधानों को सम्मानित किया। असीम अरुण ने कहा कि गांव में जमीनी स्तर पर काम करने वाले प्रधानों को सम्मानित करना सौभाग्य की बात है। अच्छे कार्यों को बढ़ावा देने का यह सकारात्मक कदम है। श्रेष्ठ प्रधानों की सफलता की कहानियां सबके सामने आनीं चाहिए। उन्होंने प्रधानों का आह्वान किया कि विकास कार्य में अफसरों संग बेहतर समन्वय रखें। एक दूसरे के सहयोग से बेहतर काम होता है। अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और शक्ति के बीच समन्वय होना चाहिए। चयनित जनप्रतिनिधियों की क्षमता के विकास पर फोकस होना चाहिए। जब कोई प्रधान बनता है तो बहुत छोटा सा प्रशिक्षण होता है। इसलिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

प्रधान को काम समझाने वाला कोई नहीं होता है। प्रधानों के लिए एक हेल्पलाइन होनी चाहिए जिससे जब उन्हें कोई दिक्कत हो तो वे सलाह ले सकें। उन्होंने तकनीक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने का आह्वान करते हुए यूपी 112 का जिक्र किया। कहा, पहले लोगों को समय पर पुलिस न पहुंचने की शिकायत थी। अब पुलिसकर्मी एक सुपर सिस्टम के तहत काम कर रहे हैं। रिस्पांस टाइम बेहतर हुआ है। यह सब तकनीक के प्रयोग से संभव हुआ है। तकनीक संग विकास हमेशा बेहतर परिणाम देता है। इस मौके पर एशियन पेंट्स के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की।

अब जल शुल्क भी वसूलेगा एडीए

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अब मानचित्र, निरीक्षण, मलबा शुल्क के अलावा जल शुल्क भी वसूलेगा। अगस्त माह में यूपी कैबिनेट ने इसे अपनी मंजूरी दी थी। अब एडीए बोर्ड बैठक में शासनादेश के तहत इस प्रस्ताव को अनुमोदित कराने के बाद लागू करेगा। जल शुल्क फिलहाल प्राधिकरण की योजना के तहत आने वाले भवन निर्माण पर ही लागू होगा। लखनऊ, बनारस समेत बड़े प्राधिकरणों में जल शुल्क वसूलने का नियम लागू हो चुका है। अलीगढ़ विकास प्राधिकरण में भी 22 नवंबर के बाद से यह लागू कर दिया जाएगा। वर्तमान में एडीए की सीमा के तहत कहीं पर भी अगर कोई व्यक्ति आवासीय एवं व्यवसायिक निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृत कराता है तो उसे मलबा शुल्क, निरीक्षण शुल्क, मानचित्र शुल्क और लेबर सेस आदि देना होता है। अब प्राधिकरण की योजना में आने वाले तीन हजार वर्गमीटर या इससे अधिक क्षेत्रफल की भूमि पर जल शुल्क देना होगा। भवन के मानचित्र की स्वीकृति के समय सभी तलों, बेसमेंट आदि पर कुल कवर्ड एरिया पर 50 रुपये प्रति वर्ग मीटर जल शुल्क लगेगा। भूखंड क्षेत्रफल की दर से लागू होगा।

डीएस कॉलेज के गेट पर आपराधिक गुटों में फायरिंग

अलीगढ़ ब्यूरो : डीएस कॉलेज के बाहर शुक्रवार को दो आपराधिक गुटों में आपसी रंगबाजी में फायरिंग की घटना हुई। दिनदहाड़े कॉलेज के गेट पर हुए घटनाक्रम से अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि किसी के गोली नहीं लगी। मगर इस बीच हाथापाई तक हो गई। सूचना पर पुलिस भी दौड़ती पहुंची। तब तक दोनों गुट वहां से दुबे पड़ाव की ओर से भाग गए। मामले में किसी पक्ष से न तो पुलिस को सूचना दी गई और न तहरीर। हुआ यूं कि दोपहर में करीब तीन बजे डीएस कॉलेज के गेट पर छात्र एकत्रित थे। इधर डीएस बाल मंदिर की छुट्टी हुई थी। वहां से भी बच्चे निकल रहे थे। इसी बीच एक अपराधी गुट का युवक कॉलेज से बाहर निकल रहा था। पहले से उसका विरोधी खेमा वहां खड़ा था। उसने अंदर से आए युवक पर तीन राउंड फायर किए। मगर तीनों फायरों से वह बच गया। इस पर उस युवक ने खुद के हथियार को संभालने का प्रयास किया। मगर हाथापाई हो गई। एक युवक के सिर में बट लगने से चोट भी आई। तभी दोनों गुटों को लगा कि कभी भी पुलिस आ सकती है तो वे दुबे पड़ाव की ओर भागे। इस घटनाक्रम से बाल मंदिर के बच्चे व आसपास के तमाम लोग सहम गए। जब तक खबर पर पुलिस पहुंची। तब तक वे भाग चुके थे। इस मामले में देर शाम तक पुलिस को किसी ने कोई सूचना या तहरीर नहीं दी। हालांकि इनमें एक नाम चर्चाओं में आया है। जो पूर्व में कॉलेज से ही विवाद के घटनाक्रम में जेल भेजा जा चुका है। इंस्पेक्टर गांधीपार्क रविंद्र दुबे का कहना है कि प्रकरण की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। आसपास के लोग भी कुछ सही जानकारी नहीं दे रहे। फायरिंग करने वाले कौन थे, इसकी जांच की जा रही है। उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

चुनावों में व्यापारियों का धन चेकिंग के दौरान जमा न करानी कीं अपील

अलीगढ़ ब्यूरो : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा, महानगर अध्यक्ष जयगोपाल वीआईपी के नेतृत्व में निकाय चुनावों में व्यापारियों के समक्ष आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में एसडीएम कोल संजीव ओझा को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा कि अलीगढ़ समेत प्रदेशभर में एकसाथ व्यापारी समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद से चुनाव संपन्न होने तक अवैध धन को रोकने के लिए सघन जांच की जाती है। ऐसे में कई बार व्यापारियों की गाड़ियों को रोककर व्यापार संबंधी धन को भी सरकारी खजाने में जमा करा लिया जाता है, जिससे कारोबार रुक जाता है। सरकारी जटिलताओं में फंसने के कारण व्यापारी का धन कई साल तक सरकारी खाते में जमा हो जाता है। इसलिए व्यापारियों का धन चुनाव के दौरान चेकिंग में जमा न किया जाए। महानगर अध्यक्ष जयगोपाल वीआईपी ने कहा कि चुनाव के लिए मंडी समिति की दुकानों का अधिग्रहण प्रशासन द्वारा लगातार चुनावों में किया जा रहा है। इससे व्यापार पूरी तरह चौपट हो जाता है। इस मौके पर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश कोल, महानगर महामंत्री प्रमोद कुमार सिंह, आशीष डिस्पोजल, मुनेश पाल सिंह, राकेश वार्ष्णेय, एमए खान गांधी, संतोष वार्ष्णेय, मुकेश किंग इंडिया, गोपाल राजपूत, सुमित, आलोक प्रताप, संजीव कुमार, कौशल सिंह, अमित सारस्वत आदि मौजूद रहे।

रायबरेली एक्सप्रेस की सुधा सिंह ने मारी बाजी : पुरुषों में शेर सिंह रहे अव्वल

प्रयागराज ब्यूरो : रायबरेली एक्प्रेस के नाम से मशहूर ओलंपियन सुधा सिंह ने 42 किलोमीटर की अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम रहीं। पुरुष वर्ग में जयपुर आर्मी के शेर सिंह अव्वल रहे। शनिवार को आयोजित इंदिरा मैराथन प्राइजमनी प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश सरकार के युवा कल्याण एवं खेल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीशचंद्र यादव ने किया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर हर वर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ आनंद भवन से किया गया। पुरुषों में दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र के विक्रम बंगरिया और तीसरे स्थान पर प्रयागराज के अनिल कुमार रहे। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर रायबरेली की सुधा सिंह के अलावा दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र की अश्वनी मदन जाधव और ज्योति शंकर राव तीसरे स्थान पर रहीं। ज्योति पूर्व में छह बार चौंपियन रह चुकी हैं। 42.195 किमी की होती है रेस पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्मदिवस पर हर वर्ष इंदिरा मैराथन का आयोजन किया जाता है। 42.195 किमी लंबी इस मैराथन में हिस्सा लेने के लिए दो ओलंपियन व पूर्व के विजेताओं के आने से मुकाबला दिलचस्प हो गया। सेना के साथ–साथ प्रयागराज के धावकों ने भी पूरे दमखम के साथ हिस्सा लिया। सुधा के नाम हैं कई रिकॉर्ड अमेठी की सुधा सिंह अर्जुन पुरस्कार व पद्मश्री से सम्मानित हैं। उन्होंने वर्ष 2012 और 2016 के ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया। 2007 में राष्ट्रीय खेलों में पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद 2009 में एशियन चौंपियनशिप में रजत और 2010 में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। 2016 में सुधा ने आईएएएफ डायमंड लीग मीट में नेशनल रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रचा था। उन्होंने 2018 में भी एशियन गेम्स में रजक पदक जीता। इसके अलावा वह मुंबई मैराथन की पांच बार की विजेता रह चुकी हैं। जबकि पिछले वर्ष उन्होंने दिल्ली मैराथन में पहला स्थान हासिल कर अपनी काबिलियत का परिचय दिया था। यह था रूट खेल राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने 37 वीं इंदिरा मैराथन गो हरी झंडी

दिखाकर रवाना किया। मैराथन में कुल 419 धावक हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें 336 पुरुष और 83 महिला धावक शामिल हैं। मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले खेल राज्यमंत्री ने इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दी। मैराथन इंदिरा भवन से शुरू होकर स्वराज भवन, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, रेड ईगल आर्मी स्टेडियम, एजी ऑफिस, हाईकोर्ट चौराहा, सुभाष चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा, मेडिकल कॉलेज चौराहा, केपी कॉलेज चौराहा से होते हुए नए पुल पर प्रवेश करेगी। नए पुल से धावक रीवा रोड की ओर जाएंगे, जहां से दांदूपुर पेट्रोल टंकी से उन्हें पुनः वापिस शहर की ओर आना होगा। यादव चंद्रशेखर आजाद पार्क के प्रमुख द्वार से अंदर जाकर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में समाप्त होगी। जहां पर खेल राज्यमंत्री विजेताओं को सम्मानित करेंगे। मैराथन के शुभारंभ के मौके पर खेल राज्यमंत्री के अलावा खेल निदेशक उत्तर प्रदेश आर पी सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह, देवी प्रसाद समेत कई लोग मौजूद रहे।

स्व.इन्दिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कांग्रेस कैंप कार्यालय आशा सरोज आश्रम पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए व श्रद्धांजलि सभा के उपरांत आश्रम पर बच्चों को बिस्कुट वितरण किए इंदिरा गांधी जी की जीवनी पर विचार रखते हुए, प्रदेश सचिव महिला कॉंग्रेस मंजुलता मित्रा ने कहा की इंदिरा जी एकमात्र महिला प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपने कार्यकाल में नव और सरलता का मार्ग प्रशस्त किया, हरित क्रांति, निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण, बांग्लादेश का उदारीकरण, वह पहली अंतरिक्ष भेजने वाली उनकी नेतृत्व क्षमता दर्शाती है। 'जिला उपाध्यक्ष पी सी सी सदस्य संगठन प्रभारी अनुपम दीक्षित' ने कहा कि हम सब इंदिरा जी को प्रथम महिला प्रधानमंत्री के रूप में ही जानते बल्कि उनके द्वारा लिए गए फैसले ने दिशा व दशा बदल दी महिला सशक्तिकरण का पर्याय ही इंदिरा जी रही। एनएसयूआई राष्ट्रीय संयोजक अमलेंद्र त्रिपाठी ने कहा की इंदिरा जी के अंदर नेतृत्व की असीम क्षमता थी उन्होंने हमेशा छात्र हितों की रक्षा की, एनएसयूआई की स्थापना की इंदिरा जी ने देश के में युवाओं को बढ़ाने का कार्य किया। खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तुषार दीक्षित ने कहा कि इंदिरा जी

ने भारत का मान विदेशों में भी बढ़ाया एवम् इंदिरा जी ने देश में युवाओं को बढ़ाने का कार्य किया हम सभी उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तुषार दीक्षित ,सोशल आउटरीच जिला अध्यक्ष प्रियांशु शुक्ला, प्रदेश सचिव आशीष पाल, एनएसयूआई अध्यक्ष शिवम चौहान, हसीब खान, अमीर जहां, अनीश, रिहाना, तस्लीम सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

परीक्षा शुल्क जमा न होने पर नौ महाविद्यालयों का परीक्षाफल रुका

अलीगढ़ ब्यूरो : राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ ने परीक्षा शुल्क जमा न होने पर नौ महाविद्यालयों का परीक्षाफल रोक दिया। वहीं, परीक्षा शुल्क न जमा होने की स्थिति में प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में महाविद्यालय शामिल नहीं हो सकेंगे। परीक्षा शुल्क जमा न होने पर बौहरे जगन्नाथ वासदेव सिंह स्मारक महाविद्यालय दत्ता चोली खुर्द अलीगढ़, डॉ. नेमपाल सिंह आदित्य महाविद्यालय चौनडोला, सुजानपुर अतरौली अलीगढ़, पंडित पूरनमल मेमोरियल एजूकेशनल इंस्टीट्यूट गभाना अलीगढ़, राम सिंह जावित्री देवी महाविद्यालय लाहेरा सलेमपुर अलीगढ़, आरएस मेमोरियल महाविद्यालय अहमदाबाद एटा, सारा सिंह डिग्री कॉलेज बिलसाड रोड अलीगंज एटा, श्रीपोखपाल सिंह महाविद्यालय, भुर्रका हाथरस, श्रीबाला जी महाराज महाविद्यालय नगला गढ़ू, सासनी अलीगढ़, श्री एसएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज मानिकपुर हाथरस का परीक्षाफल रुक गया है। विवि के कुलसचिव महेश कुमार ने कहा कि परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया तो प्रवेशित विद्यार्थियों को प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।

गांधी हाउस बना स्पर्धा–2022 का सुपर ब्रिलिएंट

अलीगढ़ ब्यूरो : ब्रिलिएंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान पर दो दिवसीय खेल महोत्सव स्पर्धा–2022 का समापन हो गया। खेल स्पर्धा में गांधी हाउस सुपर ब्रिलिएंट बना। कक्षा छह से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सांसद सतीश गौतम ने कहा कि ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के इसी मैदान ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल ब्रिलिएंट खिलाड़ी बना रहा है। शिक्षक एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता ने सभी सभ्यताओं को मार्ग दिखाया है। अब हम विश्व गुरु की भूमिका में है। खेलों में ओलंपिक में मिलने वाले मेडल इस बात का प्रमाण हैं कि भारत खेलों में भी अपना झंडा बुलंद कर चुका है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी रानी प्रकाश ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक संतुलन सिखाता है। भाजपा के जिला महामंत्री शिवनारायण शर्मा ने कहा कि ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के सामाजिक सरोकार पूरे जिले और प्रदेश में ख्याति प्राप्त कर चुके हैं। प्रधानाचार्य श्याम कुंतैल ने कहा कि खेलों का अनुशासन विद्यार्थियों को लक्ष्य तक लेकर जाता है। एरोबिक ने किया मंत्रमुग्ध विद्यालय के बच्चों ने एरोबिक के माध्यम से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांसद सतीश गौतम ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया। यह गतिविधि संगीत की धुन पर बच्चों के नियमित व्यायाम का हिस्सा है। ये रहे उपस्थित शिक्षाविद् यतेंद्र मोहन झा, मंडलीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सराफ, मंडलीय ओलंपिक एसोसिएशन के महामंत्री मजहर उर कमर, उपाध्यक्ष संजय महेश्वरी, कुश्ती संघ के सचिव बाबा भगत सिंह, सुधा सिंह, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, ललित वत्स, ललित वत्स, कीर्ति पालीवाल, सतीश कुमार, गौरव शर्मा आदि। बैंड के प्रतिभागी हुए सम्मानित सांसद सतीश गौतम ने स्कूल बैंड के सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले छात्र सूरज सिंह, तेजस प्रताप सिंह, प्रशांत कुमार, शशांक कुमार,,श्रेयश सिंह, समर्थ सिंह,आयुष यादव, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, प्रनीश कुमार पाल, सचिन कुमार, शांतनु चौधरी, प्रशांत कुमार, योगेश पाल ,अश्वनी प्रताप सिंह, कृष्णा शर्मा, दिव्यांशु शर्मा, आशीष यादव, निखिल हंस, युवान्शू, प्रियांशु, हिमांशु भारद्वाज, वेदांश गोयल, मयंक सिकवार, देव कुमार, कृष्णा अग्रवाल, तरुण शर्मा रहे। संचालन डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने किया।

बैठक में अनुपस्थित रहने पर संविदा खत्म करने की चेतावनी

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने पिछली बैठक में अनुपस्थित रहने पर कटघरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह को भविष्य में बैठक में नहीं आने पर संविदा खत्म करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि डेंगू संभावित तथा एनएस–1 जांच में धनात्मक पाए गए डेंगू के मरीजों की केस बेस्ड एक्टिविटी की जाएगी। जिस घर में डेंगू के मरीज का पता चलेगा उस घर के चारों तरफ 50 घरों में मच्छरों के स्रोत विनष्टीकरण का कार्य किया जाएगा। बुखार के मरीजों का सर्वे होगा और जागरूकता फैलाई जाएगी। वहां पर ग्राम पंचायत एंटीलार्वा का छिड़काव और फागिंग कराएगा जबकि शहरी क्षेत्र में यह काम नगर पालिका कराएगी। यह सारी एक्टिविटी करके शासन से मिली गूगल सीट पर फीड कर देना है। बैठक में शुक्रवार तक जिले में कुल 394 डेंगू के पुष्ट रोगी होने का पता चला। बताया गया कि जिला अस्पताल में 18 डेंगू के मरीज भर्ती हैं। उन्होंने बख्शा ब्लाक के कौली तथा रामपुर के सहरा में फैल्सीफेरम मलेरिया के मरीज मिलने के कारणों के बारे में जाना। पता चला कि दोनों ही मामलों में मरीज मूल रूप से यहां के नहीं थे। एक भदोही से और दूसरा वाराणसी से संक्रमित होकर आया था। उन्होंने इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफार्मेशन प्लेटफार्म (आईएचआईपी) पोर्टल पर फीडिंग कम होने के कारणों के बारे में पूछताछ की और संक्रामक बीमारियों के मरीजों की पोर्टल पर शत–प्रतिशत इंट्री करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरीज धनात्मक हों या न हों। डेंगू, मलेरिया, हेपेटाइटिस बी, एचआईवीएड्स, क्षयरोग आदि के मरीजों का नाम, पूरा पता के साथ सही मोबाइल नम्बर अंकित करें ताकि संक्रमित व्यक्ति की आसानी से खोज कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जा सके और बीमारी फैलने से रोका जा सके। संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आने वालों तथा अन्य लक्षणयुक्त लोगों को चिह्नित कर उनकी सैम्पलिंग कराई जा सके। मरीज का पता चलते ही वह किस राज्य से है, राज्य में जिले, तहसील और गांव से है, संबंधित कालम अच्छी तरह से भरकर आईएचआईपी पोर्टल पर दर्ज किया जाए। उन्होंने निजी चिकित्सालयों को भी संक्रामक बीमारियों के मरीजों का विवरण आईएचआईपी पोर्टल पर फीड करने का निर्देश दिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर हर महीने कम से कम 30 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना में भर्ती कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में आयुष्मान भारत योजना के कम कार्ड बने हैं तथा शहरी क्षेत्रों में भी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष कैम्प लगाया जाए। हर ब्लॉक के जिन गांवों में बहुत कम लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं, वहां लगातार तीन दिन तक कैम्प लगाकर शत–प्रतिशत संतृप्त किया जाए। उन्होंने इसके लिए लाभार्थियों के घर जाकर कार्ड बनाने को कहा। कम आयुष्मान कार्ड बनने पर शाहगंज, केराकत और बख्शा के प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) पर नाराजगी जताई। आयुष्मान कार्ड न बन पाने के बारे में पूछताछ में 28 प्रतिशत लाभार्थी परिवारों के एक भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड नहीं होने की जानकारी हुई। साथ ही अंत्योदय के लाभार्थियों में से 10 प्रतिशत लोगों का कार्ड नहीं बना होने के बारे में बताया गया। उन्होंने इन कमियों अतिशीघ्र दुरुस्त कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एसीएमओ डॉ राजीव कुमार, डॉ एसपी मिश्रा, डॉ एससी वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।

माता–पिता व भतीजी की हत्या के आरोपी पर आरोप तय

अलीगढ़ ब्यूरो : महानगर के गांधी पार्क क्षेत्र की विकास नगर कालोनी में अपने माता–पिता व भतीजी की हत्या के आरोपी के खिलाफ अदालत में ट्रायल की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। इस दौरान एडीजे–8 की अदालत में आरोपी पर मुकदमे में आरोप तय करते हुए गवाही के लिए 22 तारीख नियत की है। पहले गवाह के रूप में वादी मुकदमा यानि आरोपी के बड़े भाई को तलब किया है। यह घटना 25 जुलाई की शाम की है। संपत्ति विवाद में सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत 68 वर्षीय ओमप्रकाश, उनकी पत्नी सोमवती व तीन वर्ष की भतीजी शिवा उर्फ फाल्गुनी की हथौड़े से हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद आरोपी छोटा बेटा सौरभ खुद ही थाने पहुंच गया था। घटना के मूल में उजागर हुआ था कि पिता ने बड़े बेटे रामेश्वर को जिम खुलवा दी थी और नशे का आदि होने के कारण छोटे को काम नहीं खुलवाया था। उसने दस लाख रुपये मांगे तो उसे फटकार दिया। इसी विवाद में उसने पहले माता–पिता की हत्या की और इसी बीच खेलते हुए वहां पहुंची भतीजी को मार दिया। हालांकि वह अपनी भाभी व भाई को भी मारने जा रहा था। मगर शोर मचने पर थाने पहुंच गया। इस मुकदमे में सात दिन में पुलिस ने चार्जशीट पेश कर दी थी। एडीजीसी मेपे सिंह व वादी के अधिवक्ता नीरज चौहान के अनुसार मुकदमे में शुक्रवार को आरोपी पर आरोप तय कर ट्रायल शुरू करा दिया गया है। अब पहले गवाह को 22 नवंबर को गवाही के लिए तलब किया गया है।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना" पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।